फा.सं. ई-11013/1/2015-हिन्दी

भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

परिवहन भवन, 1, संसद मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 12 दिसंबर, 2022

विषय:-12वें विश्व हिन्दी सम्मेलन की लिंक मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के संबंध में। में।

महोदया/महोदय,

12वां विश्व हिन्दी सम्मेलन दिनांक 15 से 17 फरवरी, 2023 को फिजी के नांदी शहर में आयोजित होना प्रस्तावित है। इस संदर्भ में विदेश मंत्रालय से अर्द्धशासकीय पत्र (प्रति संलग्न) प्राप्त हुआ है। इसमें यह अनुरोध किया गया है कि उक्त सम्मेलन के लिंक को, व्यापक प्रचार-प्रसार के दृष्टिकोण से पत्तन, पोत परिवहन मंत्रालय की वेबसाइट पर भी डाला जाए।

2. अत:, अनुरोध है कि उक्त सम्मेलन के संबंध में निम्नलिखित लिंक को मंत्रालय की वेबसाइट वेबसाइट पर प्रदर्शित करने की कृपा करें:-

"**www.vishwahindisammelan.gov.in**"

(राजीव रंजन राय)
सहायक निदेशक (राजभाषा)
दूरभाष: 011-23320981
ई-मेल : rajivranjan.roy@gov.in
hindisectionship@gmail.com

सेवा में,

निदेशक (एनआईसी),
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

विश्व हिंदी सम्मेलन

सत्यमेव जयते

विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली
Ministry of External Affairs
New Delhi

सुब्रह्मण्यम जयशंकर
विदेश मंत्री

संख्या. क्यू/हिंदी/621/22/2022-10 दिनांक : 23 नवंबर, 2022

विषयः 12 वें विश्व हिंदी सम्मेलन के लिए नामांकन के संबंध में।

प्रिय श्री सर्बानंद सोनोवाल जी,

मुझे आपको सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है कि विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा फिजी सरकार के सहयोग से 12वां विश्व हिंदी सम्मेलन दिनांक 15-17 फरवरी, 2023 तक फिजी के नांदी शहर में आयोजित किया जा रहा है।

सम्मेलन का मुख्य विषय **'हिंदी-पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम मेधा तक (Hindi – from conventional wisdom to artificial intelligence)'** है। विषय के अनुरूप विभिन्न समानांतर सत्रों का आयोजन एवं हिंदी से संबंधित विभिन्न प्रदर्शनियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी प्रस्तावित है। **सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु एक 'सलाहकार समिति' का गठन किया गया है जिसके अध्यक्ष विदेश राज्य मंत्री श्री वी. मुरलीधरन जी हैं।**

अनुरोध है कि आप अपने मंत्रालय/विभाग में हिंदी संवर्ग से जुड़े अधिकारियों को इसमें भाग लेने के लिए नामांकित करें। साथ ही हिंदी में रुचि रखने वाले अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी नामित किया जा सकता है। कृपया 12वें विश्व हिन्दी सम्मेलन से संबंधित जानकारी अपने मंत्रालय/विभाग के अन्य अधीनस्थ कार्यालयों/उपक्रमों में भी परिचालित करवाएँ ताकि वहां के अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। सम्मेलन में भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। सम्मेलन से संबंधित वेबसाइट **www.vishwahindisammelan.gov.in** पर यह सुविधा शीघ्र ही उपलब्ध होगी। पंजीकरण शुल्क मात्र 2000/- रु. है। सम्मेलन हेतु नामित अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रतिभागिता संबंधी सभी व्यय संबंधित मंत्रालय/विभाग द्वारा वहन किए जाएंगे।

कृपया 12वें विश्व हिन्दी सम्मेलन की वेबसाइट का लिंक आप अपने मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट पर भी डलवाना सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस सम्मेलन के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके और सम्मेलन में समुचित प्रतिभागिता सुनिश्चित की जा सके।

सादर,

(सु. जयशंकर)

श्री सर्बानंद सोनोवाल,
मंत्री, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (भारत सरकार)

Generated from eOffice by PALLAK JAISWAL, PJ-SHT(HINDI), SENIOR HINDI TRANSLATOR, M/o Shipping on 12/12/2022 02:19 PM